# कार्यालय जिला एवं सेशन न्यायाधीश, बून्दी (राज0)

क्रमांक : स्था0 / 2024 / 340 दिनांक : 06/12/2024

## –:: आ दे श ::–

माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर के आदेश क्रमांक : 07 / विविध / 2024 दिनांक 30.11.2024 के अनुसार अधीनस्थ न्यायालयों में दिनांक 25.12.2024 से 31.12.2024 तक शीतकालीन अवकाश रहेगा।

बून्दी न्यायक्षेत्र में न्यायालय जिला एवं सेशन न्यायाधीश, बून्दी, न्यायालय अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संख्या–01 / 02, बून्दी, न्यायालय अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश नैनवाँ, विशिष्ट न्यायालय, अ.जा.–अ.ज.जा. (अ.नि) प्रकरण, बून्दी, न्यायालय वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बून्दी, अतिरिक्त वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बून्दी / नैनवाँ / के0पाटन / हिण्डोली, न्यायालय सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, बून्दी / नैनवाँ / के0पाटन / लाखेरी / इन्द्रगढ़ / हिण्डोली / तालेड़ा, न्यायालय अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, संख्या–01 / 02 / 03, बून्दी तथा ग्राम न्यायालय, तालेड़ा में दिनांक 25.12.2024 से 31.12.2024 तक की अवधि में शीतकालीन अवकाश रहेगा।

दिनांक 25.12.2024 से 31.12.2024 तक इस न्यायक्षेत्र के निम्नलिखित न्यायालय राजपत्रित एवं सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर उनके नाम के सम्मुख अंकित तिथियों को शीतकालीन अवकाशों की अवधि में खुले रहेंगे तथा इन न्यायालयों के कर्मचारीगण नाम के सम्मुख अंकित अवधि में शीतकालीन अवकाश का उपभोग नहीं करेंगे। शीतकालीन अवकाश के दौरान इस न्यायक्षेत्र के **जिला एवं सेशन न्यायाधीश व अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीशों की अनुपस्थिति में** उनके न्यायालय का समस्त आवश्यक दीवानी एवं फौजदारी कार्य निम्न वर्णित न्यायिक अधिकारी द्वारा उनके नाम के सम्मुख अंकित अवधि के अनुसार किया जावेगा। यह अधिकारी अवकाश अवधि में प्रभारी अधिकारी, लेखा शाखा / नजारत शाखा / प्रतिलिपि शाखा के आवश्यक एवं दैनिक कार्य भी उनके नाम के सम्मुख अंकित अवधि के अनुसार देखेंगे –

| क्र. सं. | पीठासीन अधिकारी व पदनाम | न्यायालय खुले रहने की अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री कमल कुमार,<br>अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बून्दी | 26 से 27 दिसम्बर, 2024 तक<br>( A.C.J.M., Court, Bundi ) |
| 2 | डॉ0 ऋचा चायल,<br>अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, के0पाटन | 30 व 31 दिसम्बर, 2024 तक<br>( C.J.M., Court, Bundi ) |

**अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, के0पाटन दिनांक 30 से 31 दिसम्बर, 2024 तक न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बून्दी में बैठकर न्यायिक कार्य सम्पादित करेंगे एवं उक्त अवधि में न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बून्दी का स्टाफ कार्य करेगा।**

शीतकालीन अवकाश की अवधि में विशिष्ट न्यायालय एन.डी.पी.एस. एक्ट (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश, संख्या–02, बून्दी) भी बन्द रहेगा, लेकिन शीतकालीन अवकाश की अवधि में दो दिन **दिनांक 30 व 31.12.2024 को अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश, संख्या–02, बून्दी** एन.डी.पी.एस. एक्ट के प्रकरणों का आवश्यक कार्य करेंगे। साथ ही उक्त न्यायालय का स्टाफ इस अवधि में कार्य करेगा।

दिनांक 25.12.2024 से 31.12.2024 तक इस न्यायक्षेत्र के निम्न लिखित न्यायालय राजपत्रित एवं सार्वजनिक अवकाशों को छोड़कर उनके नाम के सम्मुख अंकित तिथियों को शीतकालीन अवकाश की अवधि में खुले रहेंगे। इन न्यायालयों के कर्मचारीगण उनके नाम के सम्मुख अंकित अवधि में शीतकालीन अवकाश का उपभोग नहीं करेंगे। शीतकालीन अवकाश के दौरान इस न्यायक्षेत्र के **वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, अतिरिक्त वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, तथा न्यायाधिकारी, ग्राम न्यायालय, तालेड़ा** की अनुपस्थिति में उनके न्यायालयों का समस्त आवश्यक दीवानी एवं फौजदारी कार्य जमानत / रिमाण्ड आदि निपटाने का कार्य निम्न वर्णित न्यायिक अधिकारीगण द्वारा उनके नाम के सम्मुख अंकित अवधि के अनुसार किया जावेगाः–

6/12/24

—2.

| क्र. सं. | पीठासीन अधिकारी व पदनाम | न्यायालय खुले रहने की अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री आदित्य वशिष्ठ, सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, बून्दी | 26 से 27 दिसम्बर, 2024 तक |
| 2 | श्रीमती वृष्टि विज, अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, संख्या–03, बून्दी | 30 से 31 दिसम्बर, 2024 तक |

जिला न्यायालय, बून्दी की लेखा शाखा/नजारत शाखा/प्रतिलिपि शाखा में कार्यरत निम्न लिखित कर्मचारीगण दिनांक 25.12.2024 से 31.12.2024 तक राजपत्रित अवकाश एवं सार्वजनिक अवकाशों को छोड़कर उनके नाम के सम्मुख अंकित तिथियों को शीतकालीन अवकाश का उपभोग नहीं करेंगे, तथा कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी ड्यूटी सम्पादित करेंगे –

| क्र.सं | कर्मचारीगण का नाम व पद | केन्द्रीयकृत शाखा | अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री राकेश काबरा, शरिश्तेदार ग्रेड–II | लेखा व नजारत शाखा | 25 से 28 दिसम्बर, 2024 |
| 2 | श्री विष्णु प्रकाश शृंगी, लिपिक ग्रेड–I | लेखा व नजारत शाखा | 29 से 31 दिसम्बर, 2024 |
| 3 | श्री भूपेन्द्र कुमार शर्मा, वरिष्ठ मुंसरिम | प्रतिलिपि शाखा | 25 से 28 दिसम्बर, 2024 |
| 4 | श्री रूपनारायण सैनी, लिपिक ग्रेड–II | प्रतिलिपि शाखा | 29 से 31 दिसम्बर, 2024 |
| 5 | श्री दिनेश कुमार दाधीच, तामील कुनिन्दा | नजारत शाखा | 25 व 28 दिसम्बर, 2024 |
| 6 | श्री चेतराम प्रजापत, तामील कुनिन्दा | नजारत शाखा | 29 से 31 दिसम्बर, 2024 |

6/12/24

( अजय शुक्ला )
जिला एवं सेशन न्यायाधीश,
बून्दी (राज0)

क्रमांक : स्था0/2007/55/05/ 2998-3070 दिनांक : 7 दिसम्बर, 2024

प्रति निम्न लिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. श्रीमान् रजिस्ट्रार जनरल महोदय, माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर।
2. न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय, बून्दी
3. न्यायाधीश, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, संख्या–01/02, बून्दी
4. विशिष्ट न्यायाधीश, विशेष न्यायालय, पोक्सो संख्या–01/02, बून्दी
5. अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश, संख्या–01, बून्दी/केम्प के0पाटन।
6. अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश, संख्या–02, बून्दी।
7. अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश, नैनवाँ।
8. विशिष्ट न्यायाधीश, अ0जा0–अ0ज0जा0 (अ0नि0) प्रकरण, बून्दी।
9. सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बून्दी।
10. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बून्दी।
11. अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बून्दी/नैनवाँ/केशवरायपाटन/हिण्डोली।
12. प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट, किशोर न्याय, बोर्ड, बून्दी।
13. सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, बून्दी/नैनवाँ/लाखेरी/इन्द्रगढ/केशवरायपाटन/तालेड़ा/हिण्डोली।
14. अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, संख्या–01/02/03, बून्दी।
15. न्यायाधिकारी, ग्राम न्यायालय, तालेड़ा।
16. प्रभारी अधिकारी (लेखा/नजारत/प्रतिलिपि), जिला एवं सेशन न्यायालय, बून्दी।
17. जिला पुलिस अधीक्षक, बून्दी।
18. अध्यक्ष, अभिभाषक संघ, बून्दी/नैनवाँ/हिण्डोली/के0पाटन/तालेड़ा/लाखेरी/इन्द्रगढ़
19. सहायक निदेशक, अभियोजन विभाग/लोक अभियोजक, जिला एवं सेशन न्यायालय,बून्दी/अपर लोक अभियोजक, बून्दी/विशिष्ट लोक अभियोजक, बून्दी।
20. प्रोटोकॉल अधिकारी कम प्रशासनिक अधिकारी/वरिष्ठ मुंसरिम/कोर्ट मैनेजर/निजी सहायक कम कार्यकारी सहायक/रीडर ग्रेड–प्रथम/सिस्टम ऑफिसर/नाजिर, जिला न्यायालय, बून्दी।
21. नोटिस बोर्ड, जिला एवं सेशन न्यायालय, बून्दी।
22. व्यक्तिगत पंजिका एवं श्री ..........................................
23. रक्षित पत्रावली।

6/12/24

जिला एवं सेशन न्यायाधीश,
बून्दी (राज0)